मनु भाकर ने राष्ट्रीय शूटिंग में जीते चार स्वर्ण

चर्चा में क्यों?

1 दिसंबर, 2022 को हरियाणा की मनु भाकर ने भोपाल में खेली जा रही 65वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर पिस्टल में दाँव पर लगे सभी तीन स्वर्ण पदक जीत लिये। मनु ने 25 मीटर पिस्टल के सीनियर और जूनियर वर्ग का स्वर्ण जीता। इससे पहले उन्होंने सीनियर और जूनियर प्रतिस्पर्धा के टीम इवेंट में भी स्वर्ण जीते थे।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा की 20 साल की निशानेबाज मनु भाकर ने महिला वर्ग के फाइनल में सीआरपीएफ की पुष्पांजलि राणा को 33-27 से पराजित किया, जबकि जूनियर वर्ग के फाइनल में उन्होंने अपने ही राज्य की विभूति भाटिया को 32-24 से हराया। विभूति ने महिला वर्ग में और तेलंगाना की मेघना सादूला ने जूनियर वर्ग में काँस्य जीता।
- उल्लेखनीय है कि 65वीं राष्ट्रीय पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 20 नवंबर से 10 दिसंबर, 2022 तक भोपाल के बिशनखेड़ी स्थित मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में किया जा रहा है।
- इस राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में लगभग 5 हज़ार से ज़्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/65th-national-shooting-championship